कार्यालयः प्राचार्य एस.बी.डी.राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर

Ph. 01564-220027 Web. https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcsardarsahar E-Mail = sbdgcs@gmail.com

प्राध्यापक परिषद बैठक मिनटस

दिनांकः 12.07.2023

आज दिनांक 12.07.2023 को दोपहर 02.00 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राध्यापक परिषद (Staff Council) की बैठक रखी गई। आज की बैठक महाविद्यालय के एसएसआर सबमिशन व नैक ग्रेडिंग के विषय पर चर्चा हेतु रखी गई।

- आई.क्यू.ए.सी. कार्डिनेटर डॉ. देवीशंकर शर्मा ने एसएसआर सबमिशन तथा नैक टीम निरीक्षण को लेकर महाविद्यालय की अब तक की तैयारियों के बारे में बताया।
- महाविद्यालय द्वारा अब तक सात AQAR तथा IIQA सबमिट किया जा चुका है। IIQA के स्वीकृत होने की तिथि से 45 दिन की अवधि में फाईनल एसएसआर सबमिट किया जाना है इस हेतु एसएसआर का ड्राफ्ट संकाय सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।
- डॉ. देवीशंकर शर्मा ने संकाय सदस्यों से निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए आग्रह किया।
  - ➢ ऑनलाईन शिक्षण पर बल दिया जाये।
  - ➢ NEP 2020 में जैनोलोजी, संस्कृत, हिन्दी, इतिहास व चित्रकला आदि विषयों पर बल दिया गया है। अतः महाविद्यालय में उपरोक्त विषयों के विकास एवं संवर्द्धन को प्रमुखता से लिया जाये।
  - ➢ SSR सबमिशन के पश्चात DVV और SSS होना है। अतः सभी संकाय सदस्य इसमें अपनी भूमिका को लेकर सक्रिय रहे तथा आवश्यक होने पर संबंधित डाटा आईक्यूएसी में उपलब्ध करवायें
  - ➢ महाविद्यालय में छात्र संख्या के अनुपात में पर्याप्त कम्प्यूटर सैट उपलब्ध नहीं है। अतः विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर संसाधन बढ़ाये जाने की दिशा में प्रयास किया जाये।
- डॉ. गजा नन्द शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की गतिविधियों के प्रेस नोट में जिन संकाय सदस्यों का पदनाम आचार्य नहीं है उनके नाम के आगे प्रो. शब्द का प्रयोग न किया जाये। यदि वे पीएच.डी. की योग्यता रखते है तो डॉ. लिखा जाये।
  - ➢ महाविद्यालय का सही नाम S.B.D. Government College, Sardarshahar (हिन्दी में एस. बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर) है। अतः महाविद्यालय से संबंधित सभी दस्तावेजों यथा – लेटर पैड, मुहर आदि में इसी नाम का प्रयोग किया जाये।
  - ➢ आयुक्तालय द्वारा अधिकृत वेबपेज https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcsardarsahar का ही उपयोग किया जाये ताकि नैक निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की बाधा ना हो।
- डॉ. देवीशंकर शर्मा (आईक्यूएसी समन्वयक) ने आईक्यूएसी में पूर्व में सम्मिलित किये गये दो नये संकाय सदस्यों डॉ. सिद्धि गुप्ता और श्री शुभम बंसल की नियुक्ति के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा।
- आईक्यूएसी ने ई–गवर्नेंस रिपोर्ट कौंसिल में अनुमोदन हेतु रखा।
- बैठक के दौरान उपरोक्त सभी प्रस्तावों का प्राध्यापक परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
- अंत में डॉ. देवीशंकर शर्मा (आईक्यूएसी समन्वयक) ने आईक्यूएसी टीम व महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य
एसबीडी राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सरदारशहर (चूरू) राज.